Regarding the declaration of roads as commercial roads and mixed land use roads in Delhi

श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी **(दक्षिण दिल्ली) :** सभापति महोदय, मैं आपका ध्यान दिल्ली की महत्वपूर्ण समस्या की तरफ दिलाना चाहता हूँ। दिल्ली का मौजूदा मास्टर प्लान यह कहता है कि दिल्ली में जिन सड़कों पर 70 पर्सेंट से ज्यादा दुकानें चल रही हैं, उनको कमर्शियल रोड डिक्लेयर किया जाए और जिन सड़कों पर 50 पर्सेंट या उससे ज्यादा दुकानें चल रही हैं, उनको मिक्स लैंड यूज़ की सड़क घोषित किया जाए ।

दिल्ली नगर निगम ने 351 सड़कों को कमर्शियल रोड और मिक्स लैंड यूज की रोड घोषित करने के लिए सरकार को सिफारिश की है । मैं आपके माध्यम से सरकार से आग्रह करना चाहता हूँ कि दिल्ली नगर निगम की सिफारिश को स्वीकार किया जाए, जिससे दिल्ली के व्यापारियों को राहत मिल सके और दिल्ली के व्यापारी सम्मान के साथ अपना कारोबार कर सकें । इससे दिल्ली सरकार को सैकड़ों-करोड़ों रुपये का कन्वर्जन चार्ज के रूप में रेवेन्यू मिलेगा । इसके साथ-साथ जिन दुकानों का सर्वे होना बाकी है और जिन सड़कों पर 70 परसेंट से ज्यादा दुकानें चल रही हैं, उनका भी सर्वे करवाकर, उनको कमर्शियल रोड डिक्लेयर किया जाए ।

दिल्ली में लगभग 13 हजार दुकानें सील पड़ी हैं । इन दुकानों में डिफेंस कॉलोनी की मार्केट भी है तो ऐसे दुकानदारों से कन्वर्जन चार्जेस लेकर, उनको भी डिसील किया जाना चाहिए, जिससे दिल्ली के व्यापारियों को सरकार की ओर से राहत मिल सके । दिल्ली के व्यापारी लगातार यह मांग सरकार से करते रहे हैं ।

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से आग्रह करना चाहता हूँ कि दिल्ली के व्यापारियों के हित में सरकार को तुंरत यह कदम उठाना चाहिए और दिल्ली की जिन सड़कों पर 70 परसेंट से ज्यादा दुकानें हैं, 50 परसेंट से ज्यादा दुकानें हैं, उन रोड्स को कमर्शियल रोड डिक्लेयर किया जाए या मिक्स लैंड यूज की रोड डिक्लेयर किया जाए ।